# दिनांक–09.02.2022 को सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के द्वारा "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

दिनांक–09.02.2022 को दोपहर 12..30 बजे से सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा बैठक की गई जिसमें अभियंता प्रमुख, मुख्यालय एवं सिंचाई सृजन/ मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/सिंचाई परिक्षेत्र के सभी मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2 एवं 3/ अधीक्षण अभियंता, सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल/ अधीक्षण अभियंता, कमाण्ड क्षेत्र निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना शामिल हुए । समीक्षा के क्रम में निम्न प्रकार के योजनाओं को इस कार्यक्रम में शामिल करने का निदेश दिया गया :–

1. तकनीकी पहलुओं को देखकर बड़ी नदी को पईन के माध्यम से छोटी नदी से जोड़कर चेक डैम/वीयर सिंचाई योजना ।
2. नहरों को विस्तारित कर अथवा नहर पर आवश्यकतानुसार HR/CR बनाकर आस–पास के पईन के माध्यम से छोटी नदी को जोड़कर सिंचन क्षेत्र का विस्तार ।
3. Anti Flood Sluice Gate के Channel का उपयोग कर सिंचाई योजना ।
4. एक ही नदी पर चेकडैम/वीयर की एक से अधिक छोटी सिंचाई योजनाओं का निर्माण जिनका समेकित रूप से कुल कमाण्ड क्षेत्र 2000 हे० से अधिक हो ।
5. नहरों के Direct Outlet से फील्ड चैनल का निर्माण कर सिंचाई क्षेत्र का विस्तार ।
6. जहाँ पईन नदियों से निकल रहा है, वहाँ चेकडैम/वीयर की योजना बनाकर पईन को नहर के रूप में विकसित करने की सिंचाई योजना ।
7. अगले सप्ताह "हर खेत तक सिंचाई का पानी" कार्यक्रम के प्रगति की पुनः समीक्षा की जायेगी ।

**क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं/पदाधिकारियों द्वारा निम्नांकित सिंचाई योजनाओं का प्रस्ताव दिया गया :–**

**1. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, गया**

1. फाल्गु नदी को पैमार नदी से पईन के माध्यम से जोडकर "फाल्गु–पैमार लिंक योजना" ।

**2. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, औरंगाबाद**

1. उत्तर कोयल नहर प्रणाली के अंतर्गत 02 अदद सिंचाई योजना जो वैपकॉस की योजना का हिस्सा नहीं है ।
2. उपर्युक्त निदेश के आलोक में अन्य संभावित योजनाओं का शीघ्र चयन ।

**3. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, डिहरी**

1. सोन नहर प्रमंडल, बक्सर के अंतर्गत बसौली वितरणी को विस्तारित करने की योजना ।
2. चैनपुर प्रखण्ड के गेहूंअनवा नदी पर चेकडैम सिंचाई योजना ।
3. सुअरा नदी को गेहूंअनवा नदी से जोड़कर सिंचाई योजना ।
4. कांव नदी पर चेकडैम सिंचाई योजना ।
5. पश्चिमी सोन उच्चस्तरीय नहर के रेलवे क्रॉसिंग का Water way बढ़ाने की योजना ।
6. पश्चिमी सोन उच्चस्तरीय नहर से दुर्गावती नदी में पानी देने के लिए सोन–दुर्गावती लिंक योजना ।

**4. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, बिहारशरीफ**

1. जिराईन नदी को कुम्भरी नदी से जोड़कर सिंचाई योजना ।
2. मुहाने–चिरैया लिंक योजना ।
3. महमुदा नहर को विस्तारित कर जलवार नदी से जोड़ने की सिंचाई योजना ।

**5. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, भागलपुर**

1. घोघला–कुसुम्बा नदी को जोड़कर सिंचाई योजना ।
2. बरनार डैम को पूर्ण करने की योजना ।
3. कुण्डघाट जलाशय योजना को पूर्ण करने की योजना ।
4. आवश्यकतानुसार अन्य सम्भाव्य सिंचाई योजना ।

**6. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा**

1. फुलकाहा वितरणी से सुरसर धार में पानी देकर सुरसर धार पर सिंचाई योजना ।
2. सुरसर धार पर एक्वाडक्ट बनाकर फुलकाहा वितरणी को कजरा धार तक विस्तारित करने की सिंचाई योजना ।
3. फुलकाहा वितरणी से कजरा धार में पानी देकर कजरा धार पर सिंचाई योजना ।

**7. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा**

1. त्रिशुला नदी को पईन से जोड़कर सिंचाई योजना ।

**8. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सिवान**

1. सारण तटबंध पर बने एंटी फ्लड स्लुईस गेट से अकाल नाला को जोड़कर सिंचाई योजना ।
2. फील्ड चैनल निर्माण योजना ।

**9. मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी**

1. गरही नदी पर वीयर सिंचाई योजना ।
2. गरही नदी को पईन से जोड़कर "गरही–बिरहा लिंक नहर" सिंचाई योजना ।
3. फील्ड चैनल निर्माण योजना ।

बैठक में उपरोक्त योजनाओं के प्रारंभिक तकनींकी सम्भाव्यता के साथ Concept Note तैयार कर एक सप्ताह के अंदर भेजने का निदेश दिया गया ।

सचिव
जल संसाधन विभाग, बिहार

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021 पार्ट II– 57 /पटना, दिनांक– 14.02.22

प्रतिलिपि :– सभी मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, बिहार/मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/काडा, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

14/2/2022
अधीक्षण अभियंता,
सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना।

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021 पार्ट II– 57 /पटना, दिनांक– 14.02.22

प्रतिलिपि :– सचिव के आप्त सचिव/अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन/मुख्यालय/बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

14/2/2022
अधीक्षण अभियंता,
सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना

ज्ञापांक–सिं०यो०मो०–11/2021 पार्ट II– 57 /पटना, दिनांक– 14.02.22

प्रतिलिपि :– प्रभारी, कंप्यूटर कोषांग/आई० टी० मैनेजर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।

14/2/2022
अधीक्षण अभियंता,
सिंचाई योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना